



## एक नजर में

### 20 मई को जन औषधि केंद्र एवं अस्पतालों की फार्मेसी रहेंगी संचालित

**आगर मालवा, 19 मई.** मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा 20 मई को औषधि विक्रय संस्थानों के बंद के आह्वान के मद्देनजर आमजन को आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई है. खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 20 मई को बंद के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, निजी अस्पतालों में संचालित औषधि फार्मेसी तथा शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित फार्मेसी यथावत् खुले रहेंगे तथा आमजन को आवश्यक औषधियों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी. आमजन से अपील है कि आवश्यकता पड़ने पर उपरोक्त केंद्रों से दवाइयां प्राप्त करें. आपातकालीन स्थिति में निकटतम शासकीय अस्पताल अथवा संबंधित औषधि निरीक्षक से संपर्क किया जा सकता है.

### मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक सम्पन्न



**आगर मालवा, 19 मई.** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई आगर की बैठक संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन के मुख्य आतिथ्य व जिला अध्यक्ष अजय झंजी की अध्यक्षता तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक नाहर के विशेष आतिथ्य में सारंगपुर रोड स्थित एक निजी गार्डन में संपन्न हुई. बैठक में आगामी 26 जून को आयोजित होने वाले मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के आगर मालवा जिला सम्मेलन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, संघ के मूल सिद्धांतों का पालन करने एवं सभी सदस्यों को संगठन के नियमों के अनुरूप कार्य करने की सलाह दी गई. बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन ने पत्रकार हितों की रक्षा एवं संगठन की एकजुटता पर जोर दिया. साथ ही सभी सदस्यों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया. जैन ने पत्रकारों को बताया कि जून माह में हमारे जांबाज प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया दद्दा का उज्जैन संभाग में दौरा है, इसी दौरान 26 जून को दद्दा के मुख्य अतिथ्य में आगर का जिला सम्मेलन होगा. इस अवसर पर जिला महासचिव राजेश राव, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र परमार, महेश शर्मा, सादिक अली, रहमान कुरैशी, धीरज हाडा, राजेश शर्मा, दिलीप कारपेन्टर, अशोक परिहार, दिलीप जैन दादू, हरिनारायण यादव, राजेश माली, हनीफखान, अतुल शर्मा, जहीरउद्दीन, रितेष खंडेलवाल, अर्श अहमद कुरैशी एवं आरिफखान सहित मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई आगर मालवा के सदस्य उपस्थित रहे.

### कलेक्टर कार्यालय में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**शाजापुर, 19 मई.** कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला शाजापुर के मागदर्शन में विश्व रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर सहित अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया. शिविर के दौरान लगभग 141 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का रक्तचापए मधुमेह जांचए रक्त के नमूने लिये गये. इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.कमला आर्य, सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना, मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. आलोक सक्सेना सहित नर्सिंग स्टॉफ, पैथालॉजी स्टॉफ आदि उपस्थित थे.

### आज बंद रहेंगे देशभर के मेडिकल स्टोर्स

**शाजापुर, 19 मई.** औषधि व्यापार एवं जन स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले गंभीर मामलों का आज भी निराकरण नहीं हो रहा है. जिसके चलते देश में आज भी अवैध फार्मेसी का संचालन किया जा रहा है. इसे लेकर अब ऑल इंडिया केमिस्ट ने कड़ा रूख अपनाया है. जिसके आह्वान पर देशभर की 12.40 लाख केमिस्ट अपनी दुकाने आज बंद रखेंगे. ताकि अधिकारियों द्वारा इन मामलों उचित कार्रवाई कर लोगों के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके. जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विकास सिंदल ने बताया कि देश में आज भी अवैध ई फार्मेसी का संचालन किया जा रहा है जो की 28 अगस्त 2018 को जारी अधिसूचना जीएसआर 817 ई के कारण हो रहा है एवं इसकी वजह से बड़े.बड़े कार्पोरेट प्रेडेटरी मूल्य निर्धारण कर रहे हैं जिस वजह से आम दवा विक्रेता प्रतिस्पर्धा से बाहर हो रहा है. सिंदल ने बताया कि अधिसूचना जीएसआर 220 ई जो कि कोविड जैसे आपातकाल में जारी किया था उसका दुरुपयोग करके अवैध आनलाइन फार्मेसी का संचालन किया जा रहा है. इस तरह की परिस्थितियों न केवल छोटे एवं मध्यम केमिस्ट के अस्तित्व के लिए खतरा है, बल्कि जन स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम बढ़ रहा है. इसकी वजह से वैध चिकित्सीय पर्चा पर दवाइयां की बिक्री बाधित हो रही है और पुराने पर्चों का बार बार दुरुपयोग हो रहा है. साथ ही एंटीबायोटिक की आदतें पुराने पर्चों पर जो की दवाइयां बार बार लेने की वजह से पनप रही है. नकली अथवा सत्यापन योग्य न होने वाले प्रिस्क्रिप्शन पर दवाइयां की उपलब्धता बढ़ रही है. फार्मासिस्ट एवं रोगी के बीच प्रत्यक्ष संवाद का अभाव हो रहा है. उन्होंने बताया कि दवाइयां कोई सामान्य वस्तु नहीं है यह सीधे जन स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मुद्दा है, जिसमें बड़े कार्पोरेट द्वारा अत्यधिक छूट के माध्यम से अपनाई जा रही हिंसक मूल्य निर्धारण की नीतियां निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को विकृत कर रही हैए जिससे छोटे केमिस्ट के अस्तित्व बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा है.

**इमरजेंसी के लिए जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने की व्यवस्था**

जिला केमिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष विकास सिंदल ने बताया कि आज नगर की भी करीब 800 मेडिकल की दुकाने विरोध स्वरूप बंद रहेंगी. लेकिन गंभीर मरीजों व इमरजेंसी होने पर मरीज नर्सिंग होम में संचालित मेडिकल दुकानों से मरीजों को दवाईयों की उपलब्धता रहेगी. साथ ही जिला केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा नगर में इस संबंध में नगरवासियों को मुनादी करवाई जाकर सूचित भी कर दिया गया ताकि नगरवासी इमरजेंसी के लिए दवाईयों की व्यवस्था कर सकें.

### जनसुनवाई में 119 आवेदन आए

**शाजापुर, 19 मई.** मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई में 119 आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, एसडीएम सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक 21 को

**शाजापुर, 19 मई.** जिला स्तरीय सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक 21 मई को शाम 4 बजे एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति डीएलआरसी की बैठक 21 मई को शाम 4.30 बजे कलेक्टर कार्यालय शाजापुर के सभाकक्ष में आयेजित की जाएगी.

# 2500 करोड़ का निवेश, 4000 युवाओं को मिलेगा रोजगार

## इंडस्ट्रियल पार्क में भूमि आवंटन के लिए कार्यशाला आयोजित

**शाजापुर, 19 मई. नवीन उद्योगों के स्थापना के लिए इच्छुक विनिर्माण/मैन्यूफैक्चरिंग गतिविधियों से संबंधित उद्योगों के लिए 19 मई को कलेक्टर सभाकक्ष में शाम 4 बजे एमपीआईडीसी द्वारा विकसित किए गए औद्योगिक क्षेत्र भेरू डूंगरी शाजापुर इंडस्ट्रियल पार्क में भूमि आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन, संबंधित दस्तावेजों एवं टेंडर प्रक्रिया के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई.**



ऑनलाइन आवंटन प्रक्रिया की जानकारी एमपीआईडीसी महाप्रबंधक विनय प्रताप सिंह तोमर द्वारा दी गई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना बापना की उपस्थिति में भूमि प्लॉट आवंटन की कार्यवाही प्रारंभ की गई. प्रबंधक नवीन शुक्ला ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी. बैठक में लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी, मालवा प्रांत सह सचिव सुभाष मंडलोई, जिलाध्यक्ष किशोर प्रजापति, सचिव पवन गर्ग, कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिकरवार, विनित दीक्षित, मुकेश पाटीदार, गोविंद शर्मा, सुनील हावड़िया सहित उद्यमी, व्यापारी एवं सदस्य शामिल हुए. इसके बाद एमपीआईडीसी के अधिकारियों के साथ लघु उद्योग भारती एवं शहर के अन्य उद्यमी बंधुओं ने नवीन औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया.

**बेहतर कनेक्टिविटी और परिवहन सुविधाओं का लाभ**

इस औद्योगिक क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता इसकी रणनीतिक लोकेशन है. पार्क को एनएच-52 एवं रेलवे नेटवर्क से बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त है, जिससे उद्योगों को लॉजिस्टिक और परिवहन संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा. आने वाले समय में बड़े निवेशकों और नई औद्योगिक इकाइयों के लिए भी यह क्षेत्र आकर्षण का केंद्र बन सकता है. यह एमएसएमई पार्क जिले को प्रदेश के उभरते औद्योगिक केंद्रों में शामिल करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है. अब तक औद्योगिक निवेश के लिए इंदौर, देवास और पीथमपुर जैसे शहर प्रमुख केंद्र रहे हैं, लेकिन यह परियोजना शाजापुर को भी औद्योगिक नक्शे पर मजबूत पहचान दिलाएगी.

### उद्यमशीलता को मिलेगा बढ़ावा...

यह पार्क विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे स्थानीय उद्यमियों को कम लागत में उद्योग स्थापित करने का अवसर मिलेगा. इससे जिले में नई उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर उद्योग आधारित अर्थव्यवस्था विकसित होगी. साथ ही यह परियोजना मालवा क्षेत्र में औद्योगिक संतुलन बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

### विधायक की मांग पर सीएम ने साकार किया विकास का विजन...

शाजापुर विधायक अरुण भीमावद की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने औद्योगिक विकास विजन को साकार करते हुए शाजापुर जिले के खेरखेड़ी-भदोनी-बामनियाखेड़ी क्षेत्र में विकसित किए जा रहे आधुनिक एमएसएमई पार्क में प्लॉट बुकिंग प्रारंभ होने जा रही है. करीब 40.47 हेक्टेयर भूमि पर विकसित हो रहे इस आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में कुल 82 औद्योगिक प्लॉट तैयार किए गए हैं. पार्क विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है, ताकि स्थानीय उद्यमियों को अपने जिले में ही उद्योग स्थापित करने का अवसर मिल सके. इस परियोजना के तहत लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, निकासी व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की गई हैं. उम्मीद है कि इस पार्क के माध्यम से करीब 2500 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित होगा तथा लगभग 4000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर निर्मित होंगे.

### रोजगार, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी रफ्तार...

एमएसएमई पार्क के विकसित होने से जिले में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं का बड़े शहरों की ओर पलायन कम होने की संभावना है. उद्योगों के साथ-साथ परिवहन, होटल, वेयरहाउस, पैकेजिंग, रिटेल और सेवा क्षेत्र जैसी सहायक गतिविधियों में भी तेजी आएगी. औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने से आसपास के ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा. जमीन, व्यापारिक गतिविधियों और स्थानीय सेवाओं की मांग बढ़ने से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी. यह परियोजना शाजापुर की पहचान को केवल कृषि आधारित जिले से आगे बढ़ाकर औद्योगिक और निवेश आधारित जिले के रूप में स्थापित करेगी.

## ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारिया, मची अफरा-तफरी

**शाजापुर, 19 मई. स्थानीय विजयनगर क्षेत्र में सोमवार रात करीब 9 बजे एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई. सांदीपनी स्कूल के पास हुई घटना से इलाके में कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और वहां अफरा तफरी भी मच गई.**

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो आग लगते ही ट्रांसफार्मर से तेज चिंगारियां निकलने लगीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई. प्रत्यक्षदर्शी रोहित ने बताया कि अचानक आग भड़क उठी. जिससे बड़ा हादसा हो सकता था. हालांकि मौके पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया. रहवासियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे अक्सर सूखी घास, कचरा और अन्य ज्वलनशील सामग्री पड़ी रहती है. जिससे ऐसी घटनाएं होती रहती हैं.



### खेल प्रशिक्षण शिविर में नींबू और चेयर रेस के साथ रस्साकशी में दिखाया दम

**शाजापुर, 19 मई.** कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय पर संचालित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 में खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं एवं अन्य महिलाओं के लिए विभाग द्वारा महिला सम्मान अंतर्गत नीम्बू रेस, चेयर रेस, रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम परिसर में किया गया. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से मेडल और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया एवं जितेन्द्र शर्मा, लोकेश नायक, गौरव वर्मा, चंद्रिका मितोला, मुजाहिद बैग उपस्थित थे.

## नल-जल योजना के सुचारू संचालन के लिए सौंपा ज्ञापन



**मोहन बड़ोदिया, 19 मई. ग्रामीण ज्ञानेश कारपेंटर, हरीश राठौर, बलराम और जुगल मालवीय ने मोहन बड़ोदिया नायब तहसीलदार मुकेश गुप्ता को मंगलवार दोपहर 12 बजे आवेदन देते हुए निवेदन किया कि ग्राम मो. बड़ोदिया में कुन्डालिया डेम परियोजनान्तर्गत एलएंडटी कंपनी के द्वारा गांव में घर-घर नल लगाये गये हैं, लेकिन कंपनी की लापरवाही की वजह से नल सुचारू रूप से नहीं चल रहे हैं और 10 से 15 दिन में एक बार नल आते हैं, जिसके कारण गर्मी में आमजन पीने के पानी की समस्या से परेशान हैं.**

कई बार पानी की समस्या को लेकर 181 पर शिकायत दर्ज की गई, लेकिन वहां पर शिकायत बंद कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है. इसके पहले भी कलेक्टर के द्वारा पानी की समस्या को हल करने के लिए कंपनी को निर्देश दिए गए थे, किंतु समस्या हल नहीं हुई. ग्रामीणों ने मांग की है कि कंपनी को निर्देशित कर भीषण गर्मी में पीने के पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए, ताकि ग्रामीण परेशान ना हों.

## निपानिया करजू में गोदाम में आग, 12 लाख का नुकसान

### मवेशियों को बचाने में किसान झुलसा, लहसुन-प्याज से लेकर ट्रैक्टर तक जलकर राख

**मोहन बड़ोदिया, 19 मई. ग्राम निपानिया करजू में आग लगने से सोमवार रात को किसान को लाखों रुपए का नुकसान हुआ. किसान ने मंगलवार दोपहर 2.30 बजे थाना पहुंच कर आगजनी की रिपोर्ट दर्ज कराई, रिपोर्ट में बताया कि 11 केवी बिजली लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से गोदाम में भीषण आग लग गई. आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते गोदाम में रखा कृषि उत्पादन, कृषि उपकरण और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई. घटना में करीब 12 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है.**



जानकारी के अनुसार ग्राम निपानिया निवासी किसान जुगल किशोर पिता विष्णु प्रसाद पाटीदार एवं होकम पिता पुरुषोत्तम पाटीदार के गोदाम में अचानक आग भड़क उठी. आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और कुछ ही देर में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया. ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए. किसान जुगल किशोर पाटीदार ने बताया कि बताया कि गोदाम में 50 बोरी लहसुन, 350 बोरी प्याज, तीन क्विंटल अश्वगंधा बीज, आठ क्विंटल अश्वगंधा की जड़, पांच क्विंटल सोयाबीन बीज सहित बड़ी मात्रा में कृषि उपज जल गई. इसके अलावा एचएमटी 3511 ट्रैक्टर, दो जल मोटर, 200 फीट केबल, संतरे के बाग में उपयोग होने वाले 1580 बांस के डंडे, 80 पाइप की छड़ियां, 15 ट्रॉली सुकला तथा मकान में लगे टीन सेट भी आग की भेंट चढ़ गए.

**ग्रामीणों ने बचाया किसान को**

घटना के दौरान जुगल किशोर के पिता विष्णु प्रसाद गोदाम में बंधी गाय-भैंसों को बचाने के लिए अंदर पहुंचे. मवेशियों को बाहर निकालते समय वे आग की चपेट में आने से झुलस गए. परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला. किसान ने आशंका जताई है कि गोदाम के ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगी. घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जर्जर लाइनों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके. फिलहाल पुलिस ने किसान की शिकायत पर आगजनी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है. वहीं प्रशासन से पीड़ित किसान को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग भी उठने लगी है.

### वार्ड नंबर 17 के घर में लगी आग...

मोहन बड़ोदिया के वार्ड नं. 17 के रहवासी इलाके में इकबाल पिता लाल मोहम्मद के घर मंगलवार को अचानक आग लग गई. भीषण आग आग देख वार्ड मेम्बर मोहित सोनी द्वारा तत्काल दमकल को फोन लगाकर गाड़ी बुलवाइ गई और आग पर काबू पाया गया. वहीं पूरे वार्ड के आमजन द्वारा मिल कर बड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया. इस हादसे में इकबाल के घर का सामान भी आग की चपेट में आ गया.

## एक नजर में

### श्री गोपाल गौशाला न्यास शाजापुर की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

# विधायक निधि के एक करोड़ से कांजा में बनेगी भव्य गौशाला

**शाजापुर, 19 मई. श्री गोपाल गौशाला न्यास शाजापुर की वार्षिक साधारण सभा रविवार दिनांक 17 मई को गौशाला भवन में आयोजित की गई, जिसमें सभी न्यासी पदाधिकारी एवं साधारण सदस्य उपस्थित हुए. बैठक की अध्यक्षता न्यास के अध्यक्ष दिनेश कुमार नवाब ने की मुख्य अतिथि पीके शर्मा एवं विशेष अतिथि गौशाला के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर रामनारायण सोनी एवं बालकृष्ण माहेश्वरी थे.**




बैठक में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय पत्रक का वाचन न्यास के कोषाध्यक्ष हुकुमचंद सोनी ने किया. वर्ष में 465280 रुपए की आय हुई एवं व्यय 332545 रुपए का हुआ. इस प्रकार वर्ष में 132735 रुपए की बचत का बजट करतल ध्वनि से पारित किया गया. आगामी वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट का वाचन सहसचिव राजेंद्र भट्ट ने किया, जिसके अनुसार 675000 का बजट पारित किया गया. बैठक में सचिव राजेंद्र नागर ने वर्ष का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा बताया की विगत वर्ष क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद द्वारा गौशाला की ग्राम कांजा स्थित भूमि पर गौशाला निर्माण हेतु एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी. निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर श्रीकृष्ण कंस्ट्रक्शन कंपनी को निर्माण के कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं. दिनांक 22 मई 26 को विधायक अरुण भीमावद द्वारा भूमिपूजन कर गौशाला निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा. गौशाला निर्माण हो जाने पर अधिक संख्या में गौवंश को रखा जा सकेगा तथा नगर में घूम रहे निराश्रित गौवंश की समस्या का समाधान हो सकेगा तथा गौ माता की समुचित सेवा की जा सकेगी. उपस्थित सभी न्यासियों द्वारा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अरुण भीमावद के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया. बैठक में न्यास के वरिष्ठ न्यासी शरद भंडावत, हरिनारायण शर्मा, कन्हैयालाल गामी, जगमोहन सोनी, मनीष शर्मा, नाथूलाल गवली, राजेश महेश्वरी, विनोद जैन, राजवीर सिंह चौहान, अजीत जैन, मनोज गोलछा, कपिल वैष्णव, शंकर गिर आदि सदस्य एवं गौभक्त उपस्थित रहे. बैठक का सफल संचालन सचिव राजेंद्र नागर ने किया. आभार हेमेंद्र व्यास द्वारा माना गया. अंत में गौशाला के दिवंगत सदस्यों, स्वर्गीय दानदाताओं एवं देश के लिए बलिदान हुए वीर शहीदों के प्रति शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई.

### गौभक्तों का किया सम्मान...

सचिव नागर ने आगे बताया कि न्यास के संविधान में दर्शित उद्देश्य के अनुसार गौ सेवा करने वाले एवं गौशाला को सहयोग करने वाले गो भक्तों का सम्मान प्रतिवर्ष किया जाता है. उसी क्रम में इस वर्ष गौशाला के पूर्व अध्यक्ष एवं नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रामनारायण सोनी, पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण माहेश्वरी एवं गौशाला का विगत 16 वर्षों से लेखा-जोखा संधारित करने वाले 86 वर्षीय सुखदेव भावसार का अभिनंदन न्यास के पदाधिकारियों द्वारा किया गया. इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ अभिभाषक पीके शर्मा को श्री गोपाल गौशाला न्यास का विधिक सलाहकार मनोनीत किया गया. गौशाला में विशेष सहयोग देने हेतु जितेंद्र वर्मा, अजय सिंह, नवीन कुंभकार को भी सम्मानित किया गया.

### सड़क किनारे खड़े लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर

**शाजापुर, 19 मई.** शहरी हाईवे पर सोमवार देर रात करीब 12 बजे बड़ा हादसा टल गया. शमशान घाट के पास सड़क किनारे खड़ी बाइक के पास मौजूद तीन लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. घटना में दो बच्चे और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया. उसी समय वहां से गुजर रहे भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर महामंत्री चेतन कुशवाह और उनकी टीम ने घायलों की मदद की. टीम ने ट्रक चालक को रोकने और उसका पीछा करने का प्रयास भी किया, लेकिन चालक तेज रफ्तार में भाग निकला. घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गयाए जहां प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उन्हें शाजापुर के एक निजी अस्पताल ले गए. फिलहाल तीनों का इलाज जारी है. घायलों की पहचान कृष्णपाल सिंह राजपूत पिता भगवत सिंह, देवपाल पिता महिपाल सिंह और विश्वेंद्र सिंह पिता कृष्णपाल सिंहद्ध के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि हादसे में घायलों को गंभीर चोटें आई हैं.